# मिश्रा चौक बना खुला मौत का जाल

## चार स्कूल-एक कॉलेज के हजारों बच्चों की जान से खिलवाड़, प्रशासन गहरी नींद में



**निखिल ठकराणी/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा- 9 फरवरी-** शहर की धड़कन कहलाने वाला मिश्रा चौक आज विकास नहीं, बल्कि विनाश का प्रतीक बनता जा रहा है. यह चौक अब आम रास्ता नहीं रहा, बल्कि दिन-ब-दिन 'खुला मौत का जाल' साबित हो रहा है, जहां से गुजरने वाला हर नागरिक अपनी जान हथेली पर रखकर चलता है.सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग से चार स्कूल और एक महाविद्यालय के हजारों बच्चे प्रतिदिन आते-जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन आंख मूंदकर बैठा है.

मिश्रा चौक पर बनाया गया लोहे की ग्रील वाला डिवाइडर आज हादसों की जड़ बन चुका है. इस ग्रील के कारण दूसरी ओर से आने वाला वाहन दिखाई ही नहीं देता, जिससे आमने-सामने की टक्कर, अचानक ब्रेक और गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं. यह डिवाइडर सुरक्षा नहीं, बल्कि खतरे को न्योता दे रहा है. नागरिकों की स्पष्ट मांग है कि इस ग्रील को तुरंत हटाकर केवल 2 फीट ऊंचाई का साधारण और सुरक्षित डिवाइडर बनाया जाए, ताकि दृश्यता बनी रहे और जानलेवा टकराव रोके जा सकें. स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर छोटे-बड़े हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है. रोजाना फिसलने, ठोकर लगने, बाइक टकराने और वाहनों के आपस में भिड़ने की घटनाएं सामने आ रही हैं.हर गुजरता दिन इस चौक को और भी खतरनाक बना रहा है. इसके बावजूद न तो कोई सर्वे किया गया और न ही सुधारात्मक कदम उठाए गए.नागरिकों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग है कि मिश्रा चौक को तत्काल डेंजर जोन घोषित किया जाए.ग्रील वाला डिवाइडर हटाकर 2 फीट ऊंचा सुरक्षित डिवाइडर बनाया जाए,स्कूली समय में ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए,स्पीड ब्रेकर, संकेतक और सिग्नल लगाए जाएं.

### बच्चों की राह में मौत का इंतजाम

गर्ल्स स्कूल, सिक्रेट हार्ट स्कूल,म्यूनिसिपल स्कूल, सुंदराबाई स्कूल सहित आसपास के कुल चार स्कूल और एक कॉलेज के छात्र-छात्राएं रोज इसी चौक से गुजरते हैं. छोटे-छोटे बच्चे, छात्राएं, अभिभावक और शिक्षक–सभी के लिए यह मार्ग किसी परीक्षा से कम नहीं.बच्चों की राह में मौत का इंतजाम बन चूका मिश्रा चौक को ग्रील वाला डिवाइडर हटाकर केवल 2 फीट ऊंचाई का साधारण और सुरक्षित डिवाइडर बनाया जाए.

### अंधेर नगरी चौपट राजा की जीती-जागती मिसाल

इस मार्ग का निर्माण और डिवाइडर की बनावट देखकर साफ प्रतीत होता है कि यहां योजना नहीं, केवल खानापूर्ति की गई है. न ट्रैफिक फ्लो का ध्यान रखा गया, न स्कूली बच्चों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का यह चौक प्रशासनिक लापरवाही की ऐसी तस्वीर पेश करता है, जहां अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आ रही है.

### हर दिशा से ट्रैफिक, फिर भी कोई व्यवस्था नहीं

मिश्रा चौक शहर के सबसे अधिक दबाव वाले मार्गों में से एक है.एक ओर गणेश नगर जैसी घनी आबादी वाली बस्ती,दूसरी ओर बैतूल मार्ग और साथ में गुजरी बाजार, जहां दिनभर भारी भीड़ रहती है,

एक रास्ता चिखलदरा-धारणी मार्ग की ओर वहीं दूसरी दिशा अकोला-अमरावती जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ती है. इतना भारी यातायात दबाव होने के बावजूद यहां न ट्रैफिक सिग्नल है, न पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त और न ही स्पष्ट रोड मार्किंग.हर दिशा से ट्रैफिक, फिर भी कोई व्यवस्था नहीं है यदि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

धानोरा-पूर्णा यात्रा महोत्सव में

# विधायक तायड़े के हाथों विद्यार्थियों को पुरस्कार



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 9 फरवरी -** श्री सुंदर नारायण संस्थान धानोरा - पूर्णा यात्रा महोत्सव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभावान विद्यार्थियों का गौरव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था. इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रुप में अचलपुर के विधायक प्रवीण तायड़े उपस्थित थें. 2025 में कक्षा 10 व 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विधायक प्रवीण तायड़े के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. स्व. विठ्ठलराव ना. भालेराव की स्मृति में उद्योजक निलेश वि. (पुणे) द्वारा इस उपक्रम का आयोजन किया गया था. कक्षा 12 वीं का प्रतिभावान छात्र अथर्व कृपा सागरराव को प्रथम क्र. आने पर 10 हजार रु. नकद व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया. कार्यक्रम में गांव के नागरिक, अभिभावक शिक्षक व संस्था के पदाधिकारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थें.

# सरकारी मेडिकल कॉलेज अब मेलघाट में भी

**▶▶नियोजन के लिए ने ली ऑनलाइन बैठक ▶▶ 4 को संपन्न बैठक में सकारात्मक निर्णय**

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबारज**
**धारणी, 9 फरवरी-** मेलघाट की विविध स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, यहां तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू करने की लगातार मांग हो रही है. इसी संदर्भ में पालकमंत्री चंद्रेशखर बावनकुले की सूचना नुसार गत बुधवार, 4 फरवरी को मेलघाट के मध्यवर्ती स्थान में शासकीय मेडिकल कॉलेज के लिए विशेष बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में जिला शल्य चिकित्सक, लोनिवि, धारणी व चिखलदरा तहसील, उपअधीक्षक भूमिअभिलेख अधिकारी उपस्थित थे. इस बैठक में मेलघाट में मेडिकल कॉलेज शुरू करने के संदर्भ में सकारात्मक चर्चा होने की जानकारी विश्वसनीय सूत्रों से मिली है. मेलघाट में कुपोषण की स्थिति के लिए अब देशभर में चर्चा होती है. यहां कि बालमृत्यु, मातामृत्यु, महिलाओं में हिमोग्लोबिन का प्रमाण कम पाया जाना, सिकलसेल उसी प्रकार अन्य विविध बीमारियों की बिकट स्थिति देखने को मिलती है. जिसके कारण यहां निर्माण होनेवाले स्वास्थ्य के गंभीर प्रश्न को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर अनेक उपाययोजनाएं भी चलाई जा रही हैं. अनेकों बार केंद्र व राज्य शासन के प्रतिनिधियों ने मेलघाट में रहकर यहां के नागरिकों के जीवनस्तर व समस्याओं का अध्ययन किया है. किंतु कुछ काम चलाए उपाययोजना चलाने से समस्या 'जैसे थे' वाली स्थिति में ही है. जिसके कारण 5 वर्षों से लगातार मेलघाट में शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग हो रही है. भाजपा के अनुसूचित जमाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सुखदेव पवार ने भी 23 मार्च 2025 को इस संदर्भ में पालकमंत्री व शासन को एक पत्रक दिया था. इसी पत्र की दखल लेकर पालकमंत्री ने मेलघाट में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर जिले के विविध विभागों के अधिकारियों की व्हीसी द्वारा बैठक लेने के संदर्भ में सूचना जारी की थी. तद्नुसार 4 फरवरी को पालकमंत्री के आदेशानुसार बैठक संपन्न हुई.



### अमरावती पहुंचने के पूर्व ही गंभीर मरीज की हो जाती है मृत्यु

अमरावती महानगर से मेलघाट के अतिदुर्गम क्षेत्रों के कुछ गांव 150 से 200 किमी की दूरी पर है. जिसके कारण एखादी गंभीर बीमारी का मरीज अमरावती में पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही दम तोड देता है. ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती है. इसीलिए मरीजों को मेलघाट में ही तत्काल उपचार सुविधा मिले, इसलिए यहां शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग दिनोंदिन बढती जा रहा है. अनेक गंभीर मरीजों को नागपुर भी रेफर किया जाता है.

# वरुड़ में नल जलापूर्ति योजना को 4.95 करोड़

### संशोधित प्रशासनिक मंजूरी प्रदान

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**वरुड़, 9 फरवरी-** वरुड़ में नल जल आपूर्ति योजना के लिए सरकार द्वारा संशोधित प्रशासनिक मंजूरी देकर 4 करोड़ 94 लाख 47 हजार रुपए की निधि मंजूरी की है. जिसमें वरुड़ तहसील के 9 गांवों में नल जल आपूर्ति योजना के कार्य पूर्ण किए जाएंगे. पुलिस सूत्रों के अनुसार वरुड़ तहसील के एकदरा, एकलविहीर, कारली, जामतल, देऊतवाडा, नांदगांव, ममदापुर, वेदापुर और सतनूर में निधि से आपूर्ति योजना के तहत आने वाले कार्य होंगे. सरकार ने नल जल आपूर्ति योजना को संशोधित प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है. जिप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस नल जल आपूर्ति योजना को संशोधित प्रशासनिक मंजूरी देने का प्रस्ताव जून 2025 को शासन को भेजा था. साथ ही, 11 फरवरी 2025 को जिप ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग कार्यकारी अभियंता द्वारा दी गई संशोधित तकनीकी मंजूरी के अनुसार आने वाली लागत पर संशोधित प्रशासनिक मंजूरी देने का विषय शासन के विचाराधीन था. जल जीवन मिशन कार्यक्रम के वरुड़ तहसील के एकदरा को 86.94 लाख, एकलविहीर को 45.15 लाख, कारली को 73.88, जामतल 36.65, देऊतवाडा को 55.47, नांदगांव को 87.48, ममदापुर को 39.34, वेदापुर को 39.57 तथा सतनूर को 30.99 लाख रुपए का संशोधित प्रशासनिक निधि मंजूर किया गया है. वरुड़ तहसील के लिए बड़ी मात्रा में निधि प्राप्त होने से अब जल्द ही नल जल आपूर्ति योजना के कार्य पूरे होने के आसार है.



# दुभाजक पर झाडियों ने बुना काटों से भरा जाल



**संवाददाता, प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 9 फरवरी-** शहर के बस डेपो से लेकर विदर्भ मिल स्टॉप तक सड़क के बीचो बीच बनाए गए दुभाजक का सौंदर्यकरण करने क लिए हरे- भरे पौधे लगाए गए थें. लेकिन अब यह पौधे काटो से भरा जाल सा बन गए है. शहर का सौंदर्यकरण करने के लिए जो पौधे लगाए गए थे, उनकी ठीक से देखरेख नहीं करने की वजह से उनमें काटो भरी झाडियां भी उग आयी है.

### बंगाली बबुल से नागरिक हैरान

दुभाजक के बीच बंगाली बबूल उग आए है, इन काटो से भरे वृक्षों ने अब सडक के दोनों तरफ चलने वाले वाहन चालकों के लिए मुसिबत खड़ी कर दी है, इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहन चालक, विद्यार्थी, पैदल चलने वाले लोगों का आवागमन होता है. बंगाली बबूल की टहनिया सड़क की ओर झुकी हुई हैं.

अचानक कभी इन टहनियों का फटका आंखों को लग गया तो, दुर्घटना हो सकती है. कटीले झाडियों की झुकी हुई टहनिया वाहन से रगडती है, दुपहिया चालकों को ज्यादा खतरा महसूस हो रहा है. नागरिकों ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग से अनुरोध किया है कि तत्काल इस समस्या की ओर ध्यान दें. प्रशासन तत्काल बबूल के वृक्षों की छटनी कर वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सुरक्षित करे.

# श्रीमती राधाबाई सारडा महाविद्यालय के 4 प्राध्यापकों के खिलाफ अपराध दर्ज

### प्राचार्य की शिकायत से मचा हड़कंप

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**अंजनगांव सुर्जी, 9 फरवरी-** स्थानीय श्रीमती राधाबाई सारडा महाविद्यालय के प्राचार्य ने 4 प्राध्यापकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई तथा पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर संबंधितों के खिलाफ अपराध दर्ज होने से शहर में खलबली मच गई है.

प्राचार्य वशिष्ट चौबे ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा कि श्रीमती राधाबाई सारडा महाविद्यालय में प्राचार्य के रुप में मैं काम देखता हूं. उम्र के अनुसार मेरी निवृत्ति गत 31 जनवरी 2026 को हो गई है. किंतु उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार मुझे सारडा एजुकेशन सोसायटी के 31 जनवरी 2026 के आदेशानुसार प्राचार्य के रुप में महाविद्यालय का कामकाज शासन की शर्तों के अधीन रहकर सौंपा है. तद्नुसार मेरा कार्य शुरू है. उन्होंने दर्ज शिकायत में आगे कहा कि महाविद्यालय के हमेशा के नियमों के अनुसार महाविद्यालय का गेट 10 बजकर 5 मिनट पर बंद हुआ. हमारे महाविद्यालय के अमरावती से आना-जाना करनेवाले शिक्षक 11.30 बजे महाविद्यालय में आए. कॉलेज से सटकर स्थित छोटे गेट से प्रा.डॉ. सत्येंद्र गडपायले, डॉ.चंद्रशेखर वडाले, डॉ.अनिकेत भुयार इन 4 शिक्षकों ने महाविद्यालय में प्रवेश किया. उन्हें मैंने मेरे कक्ष में बुलाकर विलंब से आने के संबंध में पूछा. तब उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाकर मेरे साथ गालीगलौच की. अन्य शिक्षकों के समान ही प्रा.नितिन सराफ को भीतर बुलाकर मेरे साथ गालीगलौच शुरू की.इस दौरान वे हाथ उठाकर मुझ पर हमला करने की तैयारी में थे तथा उन्होंने मुझे मार डालने की धमकी भी दी. उपरोक्त घटी घटना के कारण मेरी मानसिकता पर बड़ा आघात हुआ है तथा मेरी तबियत भी बिगड़ गई है. उसी प्रकार उपरोक्त चारों प्राध्यापकों से मेरे प्राणों को खतरा हो सकता है. मैं अकेला ही रहता हूं. ऐसे में मेरे प्राणों को खतरा होने पर मेरे खिलाफ शिकायत करनेवाले प्राध्यापकों को जिम्मेदार माना जाए. उसी प्रकार 31 जनवरी 2026 को मेरे रुम पर हुए इस घटना की जांच की जाए, ऐसी शिकायत राधाबाई सारडा मवि. के प्राचार्य वशिष्ट चौबे ने अंजनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई. इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रा.सत्येंद्र गडपायले, डॉ.चंद्रशेखर वडाले, डॉ.अनिकेत भुयार तथा डॉ.नितिन सराफ के खिलाफ पुलिस ने 131, 352, 351 धाराओं के तहत अपराध दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी है. इस घटना से संपूर्ण शिक्षा क्षेत्र में खलबली मच गई तथा सभी का ध्यान इस ओर लगा है.





# शिवमंदिर में महाशिवरात्रि उत्सव शुरू

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**कु-हा, 9 फरवरी-** कु-हा-धामणगांव रेलवे मार्ग पर स्थित शिव मंदिर में 9 फरवरी से 16 फरवरी तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. इसमें ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी सामूहिक पारायण, वसंत महाराज नाहाटे (अकोट) का प्रबोधन साथ ही अखंड हरीनाम सप्ताह का आयोजन किया गया है. ओमप्रकाश भैय्या परिवार के हाथों 9 फरवरी को सुबह तीर्थस्थापना व दुग्धाभिषेक किया गया.



शिव मंदिर में रोज सुबह काकड आरती, पारायण, हरीपाठ व रात में कीर्तन कार्यक्रम होगा. 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह 6 बजे महाभिषेक ओमप्रकाश भैय्या के हाथों होगा. दोपहर 4 बजे मंदिर से शोभायात्रा निकाली जायेगी. 16 फरवरी को उध्दव महाराज ठोंबरे काले का कीर्तन करेंगे बाद भैय्या परिवार की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. भक्तों ने सभी कार्यक्रमों का लाभ लें, ऐसा आवाहन दादाराव महाराज बाभुलकर तथा भैय्या परिवार ने किया है.

# शिव वाद-विवाद प्रतियोगिता 14 को

## चांदूर बाजार में होगा आयोजन. 356 वीं शिवजयंती पर उपक्रम

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**चांदूर बाजार, 9 फरवरी-** अखिल तालुका शिव जयंती महोत्सव समिति, कै. सुमन बाई न. हर्डे बहुउद्देशीय संस्था तथा गो. सी. टोम्पे महाविद्यालय, चांदूर बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज्य संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती तथा 356 वीं शिवजयंती के उपलक्ष्य में तालुका स्तरीय शिव वक्तृत्व प्रतियोगिता 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे संत नामदेव सभागृह, गो. सी. टोम्पे महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी, यह प्रतियोगिता लगातार पांचवें वर्ष आयोजित की जाएगी.इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिवाजी महाराज के आदर्श, राष्ट्रप्रेम, साहस और संस्कारों की भावना विकसित करना है. प्रतियोगिता के लिए स्वसंरक्षण, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं गढ़-किले, धर्मनिरपेक्षता और सर्वधर्म समभाव, तथा युद्धों से परे शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व जैसे विषय निर्धारित किए गए हैं.



कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियों को पांच मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे. विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे. आयोजकों ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से सहभागिता की अपील की है.

उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्रामपंचायत अधिकारी सम्मानित

# युवराज जाधव 'स्टार ऑफ द वीक' पुरस्कार



**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**भातकुली, 8 फरवरी-** भातकुली तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्रामपंचायत म्हैसपुर में कार्यरत ग्रामपंचायत अधिकारी युवराज जाधव को उनके उत्कृष्ट और कर्तव्यनिष्ठता के लिए पंचायत समिति भातकुलीव की ओर से ह्यस्टार ऑफ द वीकह्न सम्मान प्रदान किया गया. मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के तहत ग्रामविकास में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान उन्हें दिया गया.

महाशिवरात्रि पर श्री क्षेत्र सालबर्डी जानेवाले भक्तों के लिए

# परतवाडा से बसों की विशेष व्यवस्था



**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 9 फरवरी -** हर साल महाशिवरात्रि पर दर्शन करने के लिए हजारो की संख्या में सालबर्डी तीर्थ क्षेत्र पर भाविक दर्शन करने के लिए जाते हैं. यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है. गुफा में शिवलिंग के दर्शन करने के लिए अचलपुर- परतवाडा तथा ग्रामीण क्षेत्र से हजारो भक्त गण जाते हैं. महाशिवरात्रि के दिन अमरावती जिले के अलावा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं. हर साल की तरह इस वर्ष भी अचलपुर-परतवाडा और चांदूर बाजार से बड़ी संख्या में भक्तगण सालबर्डी जाएंगे. परतवाडा के अलावा चांदूर बाजार राज्य परिवहन निगम से बसें सालबर्डी के लिए रवाना की जाती है. श्री क्षेत्र सालबर्डी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आठ दिन तक उत्सव होता है, जिसमें मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में भक्त आते हैं. सातपुडा प्रगत श्रृंखला के एक गहरी खाई में लगभग 700 वर्षो से उत्सव लगता है. यह स्थान मध्यप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है.

यहां प्राचीन शिवगुफा में शिवलिंग पर बारहों माह प्राकृतिक रुप से जलाभिषेक चलता रहता है. सालबर्डी मध्यप्रदेश के बैतुल जिले के आठनेर तहसील में आता है, इसका आधा भाग महाराष्ट्र में आता है. यह प्राचीन तीर्थ स्थल है. परतवाडा आगार से शिवभक्तों के लिए कई बसें चलाई जाती हैं. इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है, परतवाडा बस आगार से बसों की व्यवस्था की जाती है.

# कामनापुर जिप स्कूल को आदर्श बनाने का संकल्प



### कर्मयोगी फाउंडेशन का उपक्रम

**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**तलेगांव दशासर, 9 फरवरी-** यहां से कुछ दूरी पर कामनापुर में कर्मयोगी फाउंडेशन शाखा की कामनापुर घुसलि जिला परिषद शाला को आदर्श शाला के तौर पर निर्माण करने का संकल्प किया. इसके लिए संकल्प समारोह का आयोजन किया गया जिसके लिये समाज प्रबोधन निमित्य भव्य वरहाडी हास्य कवि संमेलन का आयोजन यहाँ किया गया. इस समय क्रार्यक्रम के अध्यक्ष के तौर पर डॉ. सुधीर भास्कर, प्राचार्य आदर्श महाविद्यालय धामणगांव रेलवे तथा कार्यक्रम के उद्घाटक के रूप मे पंकज ठाकरे कर्मयोगी फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष नागपुर उपस्थित थे. प्रमुखता से किरण औटे (थानेदार तलेगांव व कर्मयोगी फाउंडेशन के सभी अमरावती जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम के उद्घाटक पंकज ठाकरे ने अपने भाषण में कहा कि सामाजिक व शासकीय मंडली की उपस्थिति में यह कामनापुर की शाला को जनसहयोग से स्वच्छ व सुंदर तथा गुणवत्तापूर्ण प्रेरणादायी,संस्कारी बनाने के लिए यह संकल्प समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इस समय उन्होंने कहा कि लोगों के समझने के लिये वरहाडी भव्य कवि संमेलन भी आयोजित किया गया है. इस समय कविवर्य अनंत राउत,संजय कावरे,विनय वारणकर, गोपाल मापारि ने जनजागृति करने के लिए अपनी कविताओं का प्रस्तुतिकरण किया. इस तीन घंटे चले बहारदार हंसा कर लोट, पोट करने वाले हास्य कवि संमेलन से जीवनका तान तनाव,चिंता,नैराश्य दूर करने का यह लगातार तीन घण्टे का हास्य कवियों ने कवि सम्मेलन पेश किया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेंद्र बांधते,सौ.मीना ताई कडु,नागेश जी चामलोट व गांव के कर्मयोगी फॉउंडेशन के सभी सदस्यों ने परिश्रम लिया.

आदिवासी विद्यार्थियों के लिए विशेष उपक्रम

# वैद्यकीय व अभियांत्रिकी प्रवेश के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम

### धारणी एकात्मिक आदिवासी विकास प्रकल्प का अभिनव उपक्रम

### आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 15

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**धारणी, 9 फरवरी-** आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आनेवाले एकात्मिक आदिवासी विकास प्रकल्प, धारणी प्रकल्प द्वारा शासकीय, अनुदानित व एकलव्य मॉडेल स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं में शिक्षा प्राप्त करनेवाले अनुसूचित जाति जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रसिध्द निजी प्रशिक्षण संस्था की सहायता से अभियांत्रिकी व वैद्यकीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हासिल करने के लिए नीट व सीईटी परीक्षाओं का मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाया जाएगा. इच्छुक विद्यार्थियों से अपने आवेदन संबंधित शाला की मार्फत 15 फरवरी तक धारणी प्रकल्प कार्यालय में प्रस्तुत करने की अपील सहायक जिलाधिकारी तथा प्रकल्प अधिकारी सिध्दार्थ शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा की है. इस योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हुए उसी प्रकार मार्च 2026 में 10वीं की परीक्षा देनेवाले विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जाएगा. इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से नीट व सीईटी, जीईई परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी. अतः विद्यार्थियों से अपील की गई है कि इस प्रशिक्षण के लिए निर्धारित नमूने में अपना आवेदन पत्र 15 फरवरी तक धारणी प्रकल्प कार्यालय में प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होनेवाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे. अधिक जानकारी के लिए व आवेदन का नमूना प्राप्त करने के लिए धारणी, प्रकल्प कार्यालय से प्रत्यक्ष अथवा फोन नंबर 07226-224217 तथा पीओआयटीडीपी.धारणी-एमएच@जीओवी.इन ई-मेल पर संपर्क कने के लिए भी प्रकल्प कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है.

